हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



बाढ़ क्षेत्रों का अफसरों ने किया निरीक्षण तैयारियों का लिया जायजा 4




## खबर संक्षेप

### विभिन्न समस्याओं को लेकर विधायक करेंगे धरना-प्रदर्शन

**जांजगीर-चांपा।** नगर पंचायत चंद्रपुर में निर्माणाधीन गौरव पथ कार्य को पूर्ण करने चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र में खाद की कमी एवं क्षेत्र में बिजली कटौती की समस्याओं को लेकर चंदपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार यादव शनिवार 12 जुलाई को सुबह 10 बजे से धरना प्रदर्शन करेंगे। इसे लेकर विधायक ने सक्ती कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा है। विधायक ने प्रशासन से स्पष्ट शब्दों में कहा कि 12 अगस्त तक समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आर्थिक नाकेबंदी और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक 11 जुलाई को समय दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने कहा है।

### स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत निकाली जागरूकता रैली

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार चौधरी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलखन एवं सेजेस शिवरीनारायण में 18 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के युवाओं को मतदाता सूची में नाम जुडवाने एवं निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से किये जा रहे नवाचारों की जानकारियों के जनहित में व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा मतदाताओं को अपने मताधिकार का निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर प्रयोग करने तथा लोकतंत्र में अपने सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान छात्रों को वोटर हेल्पलाइन एप्लीकेशन तथा चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया गया।

### महिला सशक्तिकरण के संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार ने एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति की शुरूआत की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति के अंतर्गत मिशन शक्ति के दिशा निर्देशों के अनुसार राज्य स्तरीय हब हेतु जिले में 1 स्वीकृत संविदा पद की पूर्ति हेतु आवेदन 11 अगस्त कार्यालयीन समय 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है।

### सड़क व नाला किनारे के साथ नहीं छोड़ रहे मैदान

# रात होते ही पड़ोसी जिलों से आती है राखड़ गाड़ियां, जहां-तहां हो रहा डंपिंग का खेल



सड़क किनारे जेसीबी से राखड कर रहे डंप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में इन दिनों जहां- तहां राखड़ पाटने का काम धडल्ले से हो रहा है। खास बात यह है कि ज्यादातर राखड़ गाड़िया पड़ोसी जिला सक्ती और रायगढ़ से आ रही है। बताया जाता है कि शाम ढलते ही इन राखड़ गाडियों का आना जाना शुरू हो जाता है और सड़क, नाला किनारे, खेल मैदान सहित जहां तहां राखड़ पाटकर गाड़िया निकल जाती है। इस कार्य में स्थानीय लोगों की संलिप्तता भी बताई जा रही है।

जिले में शासकीय भूमि पर जहां शासन प्रशासन द्वारा वृहद पौधरोपण अभियान चलाने की बात कही जाती है, तो वहीं दूसरी ओर सक्रिय राखड़ माफिया इन जमीनों पर बिना किसी अनुमति के राखड़ पाटने का काम कर रहे है। चांपा बिर्रा मुख्य मार्ग से लगे गांव में इन दिनों राखड़ पाटने का काम धडल्ले से हो रहा है। यहां हथनेवरा चौक से लेकर बिर्रा सड़क किनारे आने वाले ग्राम पिपरदा, पुछेली, बम्हनीडीह, रोहदा, भंवरेली, पोड़ीशंकर, चारपारा जैसे गांवों में सड़क के दोनों ओर राखड़ का ढेर लग गया है। बताया जाता है कि यहां पड़ोसी जिला सक्ती और रायगढ़ क्षेत्र से राखड़ लोड गाडिया रात में पहुंचती है और जहां तहां उसे खाली करके निकल जाती है।

### शासकीय जमीन पर डाल रहे राखड़

**डभरा।** शासकीय मैदान को गड्ढा खोदकर राखड़ पाटा जा रहा है। माफियाओं द्वारा नदी, नाले, खदानों आदि पर राखड़ पाट रहे थे और अब जगह नहीं बचा है तो जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में शासकीय मैदान में डाला जा रहा है। ग्राम पंचायत डोमनपुर के उप सरपंच द्वारा शासकीय मैदान को खोदकर जहरीला राखड़ पाटा जा रहा है उस मैदान पर शासकीय खेल मैदान था। राखड़ पाटने के लिए समतल मैदान को लगभग बीस फीट तक गड्ढा खोदा गया है और उसपर लाखों ट्रिप जहरीला राखड़ पाटा जा रहा है मैदान लगभग दस एकड़ का है पहले राखड़ माफिया सुखी नदी नाले और बड़े बड़े गड्ढों में राखड़ पाटा करते थे लेकिन अब जगह नहीं बची है तो समतल जमीन को पहले गड्ढों में तब्दील किया जा रहा है और फिर उस पर राखड़ पाटा जा रहा है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के उप सरपंच के द्वारा जहरीला राखड़ पटवाया जा रहा है। गांव वालों ने बताया कि कई बार मना करने के बावजूद राखड डंप किया जा रहा है। सड़क तो सड़क तो शासकीय जमीन को भी राखड माफियाओं द्वारा डंप किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में डभरा के अनुविभागीय अधिकारी (रा) बालेश्वर राम ने कहा कि अवैधानिक रूप से राखड़ पाटा जा रहा है तो उसकी जांच किया जाएगा और उचित कार्यवाही किया जाएगा।



इधर सूखे के दिनों में जहां राखड़ के उड़ने से पूरा वातावरण प्रदूषित हो रहा था तो वहीं बरसात में कीचड़ की समस्या हो रही है। बताया जाता है कि नियमानुसार राखड़ डालने के लिए पर्यावरण विभाग से अनुमति लेनी होती है लेकिन शासन प्रशासन के सारे नियमों को दरकिनार करके इस क्षेत्र में सरकारी जमीन पर राखड़ पाटने का काम हो रहा है। स्थिति यह है कि पिपरदा के पास तो क्षेत्र के जल बहाव वाले इलाके में बकायदा पाईप लाइन बिछाकर ऊपर में राखड़ डालने का काम हो रहा है। वहीं जिम्मेदार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रशासन का अमला आंख मूंदे बैठा है।



ट्रक बिगडने के कारण शबरी सेतु में लगी वाहनों की लंबी कतार।

# बीच सड़क पर ट्रक खराब, शबरी सेतु पर लगी वाहनों की लंबी कतार

### शिवरीनारायण-गिधौरी मार्ग पर आवागमन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

बुधवार की रात शबरी सेतु पर ट्रक बिगड़ने के कारण गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि यातायात पुलिस द्वारा जाम को हटाने पर आवागमन बहाल हो सका।

ज्ञात हो कि गिधौरी-शिवरीनारायण मार्ग पर महानदी शबरी सेतु वनोपज जांच नाका के पास बीते बुधवार की रात को एक ट्रक सडक के बीच में खराब हो गया था और गुरुवार सुबह 6 बजे से ही गिधौरी -शिवरीनारायण मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया है और आवागमन बाधित था। कुछ देर बाद वहां के जनप्रतिनिधि द्वारा सुचारू रुप से आवागमन एक साईड से बारी बारी से निकालने में सहयोग किया, लेकिन वाहन चालकों की लापरवाही से फिर से जाम हो गई। ट्रैफिक जाम की स्थिति होने की खबर गिधौरी एवं शिवरीनारायण थाना में दिया गया था और मौके पर पुलिस पहुंचे हुए थे और गाडियों का लम्बा जाम से राहगीरों एवं यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। गिधौरी और शिवरीनारायण के दोनो तरफ वाहनो की खचाखच भीड और लम्बी लाईन वाहनों से गिधौरी बस स्टैंड, पेट्रोल पम्प तक एवं शिवरीनारायण के केरा चौक तक की ट्रैफिक जाम रहा। पुलिस प्रशासन एवं जनप्रतिनिधि ने आवागमन में हो रही बाधित को वहां गिधौरी शिवरीनारायण मार्ग की ट्रैफिक जाम को हटाने में बहुत प्रयास किया गया और तकरीबन 12 बजे के ट्रैफिक जाम में खुल पाया। पीडब्ल्यूडी एवं ठेकेदार की लचर व्यवस्था से आम जनता काफी परेशान है। इसी लिए ट्रैफिक जाम की वजह से लोगों को कठिनाईयो का सामना करना पड रहा। वाहन चालकों एवं राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि जाम हटने के बाद आवागमन बहाल हो सका, तब लोगों ने राहत की सांस ली।

# बारिश से सड़क पर गिरा पीपल का पेड़, चलना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

लखुर्री मौहाडीह मार्ग पर बारिश के चलते विशालकाय पीपल का पेड़ भर भराकर गिर गया है। जिसके चलते लोगों का चलना मुश्किल हो गया है।

ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत मौहाडीह को अन्य गांव से जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य सड़क पर लखुर्री मौहाडीह के बीच बीते रात अचानक एक विशाल पीपल का पेड़ गिर गया। जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। सड़क के बीचों-बीच गिरे इस पेड़ के कारण दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहनों की आवाजाही ठप है और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग मौहाडीह को आसपास के कई गांवों और जनपद मुख्यालय से जोड़ता है। ऐसे में पेड़ गिरने से न सिर्फ लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है, बल्कि आपातकालीन स्थिति में भी आवागमन कठिन हो गया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द पेड़ को हटाकर रास्ता साफ किया जाए, ताकि सामान्य जीवन पटरी पर लौट सके। फिलहाल न तो पंचायत और ना ही जिम्मेदार विभाग का अमला मामले को लेकर गंभीर नहीं है। जिसके चलते आने जाने वाले लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। ग्राम पंचायत मौहाडीह से लखुर्री, लखाली, भदरा, झर्रा सहित अन्य गांव आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी हो रही है।



सड़क पर गिरा पीपल का पेड़।

### सक्ती जिले की नई शिक्षा अधिकारी होंगी कुमुदिनी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ सरकार ने बीईओ, डीईओ, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के तबादले सूची जारी की है। कई जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को भी बदल दिया गया है। जारी सूची के अनुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नंदेली रायगढ़ में प्राचार्य के पद पर पदस्थ श्रीमती कुमुदिनी बाघ द्विवेदी को सक्ती जिला शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अवर सचिव ने 183 अधिकारी,कर्मचारियों की सूची जारी की है।



# परसाहीबाना का पंचायत भवन जर्जर, दुर्घटना की आशंका




जर्जर हालत में परसाहीबाना का पंचायत भवन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अकलतरा ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत परसाहीबाना के पंचायत भवन जर्जर हो चुका है। वहीं दीवारों में दरारें पडने लगी है। जिसके चलते हर पल दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।

ग्राम पंचायत के सड़क, नाली, पानी, बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित गांव के गली कुचों के प्रत्येक समस्याओं का समाधान के लिए योजना बनाने वाली जगह पंचायत भवन होती है, जहां से ग्राम विकास एवं विभिन्न नवनिर्माणों की रूपरेखा तय की जाती है लेकिन ग्राम पंचायत भवन ही पूर्णतः जर्जर है, जहां कभी भी छत का प्लास्टर एवं पूरा छत ही गिरकर किसी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्राम के सरपंच परमेश्वर पटेल ने बताया कि पंचायत भवन का निर्माण वर्षों पूर्व किया गया था जो वर्तमान में पूरी तरह जर्जर हो चुका है। पंचायत भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत इतना कमजोर हो चुका है। छत के अंदर का प्लास्टर कई स्थानों से गिर गया है एवं कभी भी पूरे छत के गिरने की आशंका बनी हुई है। जिसके चलते पंचायत की बैठकें नियमित तौर पर नहीं हो पा रही हैं। नवीन पंचायत भवन निर्माण के लिए जिला पंचायत में कई बार आवेदन किया जा चुका है लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# स्कूल में भरा बरसाती पानी, सांप-बिच्छू के कक्षा में घुस जाने से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रसेड़ा में जल भराव के चलते अध्यापन कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं कक्षा में सांप बिच्छू के घुस जाने से खतरा बना हुआ है7

अकलतरा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रसेड़ा के शाला परिसर में जल भराव के चलते विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य नहीं हो पा रहा है। पानी गिरने पर शाला परिसर में घुटने से ऊपर तक पानी भर जाता है जिसके कारण कक्षाओं में विद्यार्थियों का जाना संभव नहीं हो पता है एवं कक्षाओं को निरस्त करना पड़ता है। जल भराव के चलते सांप एवं बिच्छू भी आए दिन कक्षाओं के अंदर आ जाते हैं, जो कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला रसेड़ा में युक्तियुक्तकरण के चलते दोनों शालाओं का एकीकरण किया गया है, जहां अधिकतर कक्षाओं के जर्जर स्थिति होने के कारण अध्यापन कार्य के लिए पर्याप्त कक्षाएं नहीं है एवं दोनों शालाओं को दो अलग-अलग पालियों में संचालित करने की मजबूरी है। जिसके चलते विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



रसेड़ा में स्कूल के बाहर भरा बरसाती पानी।

### 7 दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने का तहसीलदार ने जारी किया फरमान

# शासकीय जमीन पर बेजाकब्जा, संचालक पर 10 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शासकीय जमीन पर कब्जा कर दुकान निर्माण करने वाले संचालक को तहसीलदार ने 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही साथ सप्ताह भर के भीतर बेजाकब्जा हटाने के निर्देश दिए है।

इस संबंध में न्यायालय तहसीलदार से मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत शिवरीनारायण के ग्राम भोगहापारा ग्राम पटवारी हल्का नंबर 8 में अवस्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 629 के रकबा 70 गुणा 30 वर्ग कड़ी में आनंद केडिया उर्फ अनु केडिया के द्वारा अप्राधिकृत कब्जा किए जाने के विरुद्ध शिकायत प्राप्त होने पर इस न्यायालय ने प्रकरण क्रमांक दर्ज कर विधिवत सुनवाई किया गया। जिसमें आनंद केडिया द्वारा शासकीय भूमि पर अप्राधिकृत कब्जा पाए जाने के विरुद्ध बेदखली आदेश जारी कर शासकीय भूमि पर अप्राधिकृत कब्जा होने के कारण आर्थिक दंड की राशि 10 हजार का जुर्माना लगाया गया है। वहीं सप्ताह भर के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश न्यायालय तहसीलदार द्वारा दिया गया है। न्यायालय के इस आदेश का अवमानना किए जाने पर न्यायालय द्वारा गठित राजस्व दल द्वारा बेदखली की कार्यवाही किए जाने पर व्यय की राशि अप्राधिकृत कब्जा कर निर्माण करने वाले आनंद केडिया उर्फ अन्नु केडिया से राजस्व व्यय की भांति वसूली जावेगी। इस न्यायालय को की गई कार्यवाही से अवगत कराने बेदखली वारंट की प्रति भेजी है। शिवरीनारायण मे शिवरीनारायण - खरौद मार्ग पर सड़क से लगा हुआ बेशकीमती शासकीय भूमि खसरा नं.629 रकबा 0.121 हे. में से कुछ भू-भाग पर अवैध कब्जा कर भवन निर्माण करा रहे हैं। इनकी अवैध कब्जा पर निर्माण की जानकारी पर शिवरीनारायण तहसीलदार अविनाश चौहान द्वारा उन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए इस अप्राधिकृत कब्जा पर भवन निर्माण को रोकने 6 जून को स्थगन आदेश जारी किया गया। स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी न्यायालय का अवमानना करते हुए आनंद केडिया ने अपना निर्माण कार्य बेरोकटोक जारी रखा और 9 जून को भवन के प्रथम तल का निर्माण कार्य भी पूर्ण करा लिया। इसकी भनक लगते ही तहसीलदार अविनाश चौहान ने इसे गंभीरता से लिया और तत्परता दिखाते उन्होंने 9 जून को ही राजस्व अमला व पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य में उपयोग किए जा रहे मिक्सचर मशीन को जब्त कर पुलिस के सुपुर्द किया।



निर्माणाधीन दुकान।


ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444



# बड़े बाल और दाढ़ी वाले लुक में नजर आए बॉबी

**मुंबई।** अपने अलग-अलग किरदारों और लुक्स से लोगों को चौंकाने वाले बॉबी देओल इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरमल्लु में औरंगजेब के अपने किरदार को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस बीच अब बॉबी देओल की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं। ये तस्वीरें किसी फिल्म के सेट की हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल लंबे बालों और दाढ़ी-मूछ वाले लुक में नजर आ रहे हैं। वायरल तस्वीरों में बॉबी पर्पल कलर के आउटफिट में दिख रहे हैं। जिसमें वो शर्ट के साथ लॉन्ग जैकेट डाले हुए हैं। इन तस्वीरों में बॉबी देओल हाथों में कड़े के साथ कुछ धागे और बैंड जैसे पहने भी दिख रहे हैं।

लाइफ Style



# किआरा

## वॉर-2 को लेकर उत्साहित, नहीं हो रहा इंतजार

ऋतिक रोशन, जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी की फिल्म 'वॉर 2' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और पहली बार जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन का पर्दे पर क्लैश देखने के लिए दर्शक खासा उत्साहित हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में फिल्म की शूटिंग पूरी हो गई है। जिसके बाद अभिनेता ऋतिक रोशन ने फिल्म की शूटिंग पूरे होने पर फिल्म के अपने अनुभवों को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने अपने को-एक्टर्स जूनियर एनटीआर और कियारा आडवाणी का भी जिक्र किया था। अब अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने भी फिल्म को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया है और फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर एक पोस्ट शेयर किया है। कियारा ने अपने एक्स अकाउंट पर ऋतिक की पोस्ट को ही री-शेयर किया है। इसके साथ ही कियारा ने लिखा, उत्साह दोनों का एक जैसा ही है ऋतिक। आपके साथ स्क्रीन शेयर करना एक यादगार अनुभव रहा, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। आदी सर, तारक और हमारी शानदार टीम ने जो अद्भुत तैयार किया है, उसे लोगों के सामने लाने का इंतजार नहीं हो रहा। अपनी इस पोस्ट में कियारा ने ऋतिक और जूनियर एनटीआर को मेंशन भी किया है। इससे पहले ऋतिक रोशन ने सोशल मीडिया पर फिल्म की शूटिंग पूरी होने पर केक काटते हुए एक फोटो शेयर की थी। इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने अनुभवों को साझा करते हुए एक खास नोट भी लिखा था।

हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... दर्शकों को आ रही पसंद

**मुंबई।** जुरासिक पार्क सीरीज की फ्रैंचाइज फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का क्रेज भारतीय दर्शकों के बीच भी देखा जा रहा है। पिछले पांच दिनों में इस फिल्म ने हालिया रिलीज बॉलीवुड फिल्मों से अच्छा कलेक्शन किया है। फिल्म ने 5वें दिन 2.77 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 45.87 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म ने पहले दिन भी लगभग 9.25 करोड़ रुपए से अपना खाता खोला था। वीकएंड पर तो इस फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। शनिवार को 13.5 करोड़ रुपए और रविवार को 16.25 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है।




# जूलिया की तस्वीरें देख दीवाना हुए फैन...

**लॉस एंजिल्स।** सिनमाई पर्दे के नए 'मैन ऑफ स्टील' डेविड कोरेंसवेट चर्चा में हैं। वह 'सुपरमैन' बनकर शुक्रवार, 11 जुलाई को सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने की तैयारी कर रहे हैं। जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी डीसी के इस फिल्म का लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में प्रीमियर हुआ। इस दौरान, जहां एक ओर चर्चा फिल्म और इसी कास्ट की थी, वहीं हर किसी की नजर डेविड कोरेंसवेट की पत्नी जूलिया बेस्ट वार्नर पर टिकी हुई थी। जूलिया की खूबसूरती, उनकी मुस्कान, पूरे प्रीमियर के दौरान चर्चा में रही। सोशल मीडिया पर हर फिल्मी फैन की जुबान पर अब इसी हसीना का नाम है। डेविड कोरेंसवेट की तरह ही जूलिया भी एक्ट्रेस हैं। दोनों की पहली पेंसिल्वेनिया में एक थिएटर कार्यक्रम में हुई थी। तब दोनों ही हाई स्कूल में थे।




# शेयर की द वाइब्स की मुहूर्त की तस्वीर


**मुंबई।** बुधवार को मौनी रॉय ने मधुर भंडारकर के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर इसलिए खास है क्योंकि इसमें मौनी अपने हाथ में द वाइब्स के मुहूर्त का क्लैप बोर्ड पकड़े नजर आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर मौनी रॉय ने अपनी खास तस्वीर निर्माता-निर्देशक मधुर भंडारकर के साथ शेयर की है। इस तस्वीर में मौनी ब्लैक बॉडीकॉन ड्रेस में अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं मधुर भंडारकर सिंपल अंदाज में चेहरे पर मुस्कान बिखेरते नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट के साथ मौनी ने कैप्शन में लिखा, 'इस नई फिल्म के पहले दिन को लेकर मैं सचमुच उत्साहित हूं, और खुद उस्ताद के साथ इसे बनाने के लिए आभारी हूं। मौनी और मधुर की इस शानदार शुरुआत को लेकर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने लाल दिल वाले इमोजी बनाई हैं।



# एक साथ करेंगे काम इमरान और हिमेश

**मुंबई।** हिमेश रेशमिया और इमरान हाशमी की जोड़ी ने बॉलीवुड को कई बेहतरीन गाने और थ्रिलर फिल्में दीं हैं। अब यह जोड़ी एक बार फिर 'गनमास्टर जी9' में साथ में काम करने को तैयार हैं। फिल्म के निर्माताओं ने बुधवार को इसका टीजर रिलीज किया है। इस खबर से फैंस उत्साहित हैं। फिल्म निर्माता दीपक मुकुट ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि एक रहस्यमई हाथ एक दूध भरी बाल्टी से निकलता है। इस दौरान इमरान हाशमी कहते हैं। 'मुझसे मचमच किया तो चलेगा। गलती से परिवार को छुआ तो याद रखना। धंधे से दूध वाला हूं, बंदा बारूद वाला हूं।' इस वीडियो के कैप्शन में लिखा है 'दूध से बारूद तक, सब्जी से गुंडा तक, गोली से पीटने तक, गनमास्टर जी9 तबाही के लिए तैयार है।

टीवी मसाला



# फुलेरा के प्रधान पर पत्नी ने लगाए गंभीर आरोप...

**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव को 'पंचायत' ने वो दिया है, जो उन्हें उनके 40 साल के कॅरियर में नहीं मिला...और वो है घर-घर पहचान। आज हर कोई रघुबीर यादव को उनके किसी फिल्मी किरदार से ज्यादा प्रधान जी के नाम से जानता है। रघुबीर यादव के कॅरियर और फिल्मों के बारे में तो लगभग सभी जानते हैं। वह एक एक्टर ही नहीं, बल्कि सिंगर, म्यूजिक कंपोजर और डायरेक्टर भी हैं। पर उनकी निजी जिंदगी भी खूब सुर्खियों में रही है। रघुबीर यादव पर एक बार पत्नी ने संजय मिश्रा की पत्नी संग अफेयर और 14 साल का बेटा होने के आरोप लगाए थे। बाद में उनका तलाक हो गया। रघुबीर यादव ने साल 1988 में पूर्णिमा खरगा से शादी की थी, जोकि एक इंटरनेशनल कथक डांसर रही है। पूर्णिमा ने रघुबीर यादव पर एक्स्ट्रा-मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। यही नहीं, पूर्णिमा ने यह भी दावा किया था कि रघुबीर यादव का एक्ट्रेस नंदिता दास के साथ भी चक्कर चल रहा है। पूर्णिमा ने साल 2020 में एक इंटरव्यू में पति रघुबीर यादव पर कई गंभीर आरोप लगाए थे। पूर्णिमा ने कहा था कि रघुबीर का एक्टर संजय मिश्रा की पत्नी रोशनी अचरेजा के साथ अफेयर चल रहा है। रोशनी और अचरेजा का 14 साल का एक बेटा भी है। पूर्णिमा के मुताबिक, गोरेगांव शिफ्ट होने के बाद रघुबीर यादव उसी बिल्डिंग में रहने लगे थे, जिसमें संजय मिश्रा रहते थे। रघुबीर यादव अकसर ही संजय के घर जाते और उनकी रोशनी अचरेजा से दोस्ती हो गई।

## सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 की रिलीज डेट बदली

**नई दिल्ली।** हाल ही में अभिनेता केके मेनन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह जानकारी दे रहे हैं कि तय तारीख पर सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' का प्रीमियर नहीं होगा। अब 'स्पेशल ऑप्स 2' 11 जुलाई की बजाय 18 जुलाई को रिलीज होगा। कुछ चीजें हमारे कंट्रोल में नहीं होती है, इसलिए हमें यह फैसला लेना पड़ा है। मगर दर्शकों को एक साथ ही सभी एपिसोड देखने को मिलेंगे। यह सीरीज जीयोहॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी। स्पेशल ऑप्स 2 में भी स्पेशल एजेंट हिम्मत सिंह अपनी टीम के साथ आतंकवादियों का मुकाबला करेगा। इस बार इंटरनेशनल लेवल का मिशन हिम्मत सिंह हैंडल करेगा। नीरज पांडे निर्देशित इस सीरीज में इस बार साउथ के पॉपुलर एक्टर प्रकाश राज भी नजर आएंगे। प्रकाश राज, केके मेनन के अलावा इस सीरीज में करण टैकर, फारुक अली भी नजर आएंगे। ये भी सीरीज में स्पेशल एजेंट्स के रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।



# गुरु दत्त के 100वें जन्मदिन का जश्न

## आईएफएफएम करेगा भारत में विशेष फिल्म स्क्रीनिंग

**नई दिल्ली।** मेलबर्न में होने वाले भारतीय फिल्म महोत्सव 2025 में गुरु दत्त की दो मशहूर फिल्में- प्यासा और कागज के फूल की विशेष स्क्रीनिंग होगी। यह आयोजन भारतीय सिनेमा के स्वर्णिम युग को श्रद्धांजलि देने का हिस्सा है। आईएफएफएम की निदेशक मीतू भौमिक लांगे ने कहा, गुरु दत्त की फिल्में न केवल क्लासिक हैं, बल्कि भारतीय सिनेमा की आत्मा को दर्शाती हैं। हम उनकी प्रतिभा को नए दर्शकों तक पहुंचाना चाहते हैं।



**गुरु दत्त की फिल्मों का खास प्रदर्शन :** खासतौर पर भारत में 8 से 10 अगस्त तक अल्ट्रा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा गुरु दत्त की फिल्मों का विशेष प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें प्यासा के 4के रीस्टोर्ड संस्करण के साथ आर पार, चौदहवीं का चांद, मिस्टर एंड मिसेज 55, और बाज जैसी फिल्में शामिल होंगी। ये फिल्में एनएफडीसी-एनएफएआई द्वारा सावधानी से रीस्टोर की गई हैं, ताकि उनकी खूबसूरती और भावनाएं बरकरार रहें।

### धरोहर को संरक्षित करना है उद्देश्य

अल्ट्रा मीडिया के सीईओ सुशील कुमार अग्रवाल ने कहा, 'हमें गर्व है कि हम गुरु दत्त की कालजयी फिल्मों को बड़े पर्दे पर फिर से पेश कर रहे हैं।' एनएफडीसी के निदेशक प्रकाश मगदुम ने बताया कि यह प्रयास राष्ट्रीय फिल्म विरासत मिशन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य भारतीय सिनेमा की धरोहर को संरक्षित करना है। गुरु दत्त की फिल्में, जैसे साहिब बीबी और गुलाम और सांझ और सवेरा, आज भी दर्शकों को प्रेरित करती हैं।

# सिद्धांत और तृप्ति की फिल्म धड़क 2 का पोस्टर हुआ जारी

**मुंबई।** सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की बहुप्रतीक्षित फिल्म धड़क 2 का ट्रेलर जल्द ही आने वाला है। फिल्म के मेकर्स ने इसका ऐलान बुधवार को किया है। इस फिल्म का निर्देशन शाजिया इकबाल कर रही हैं। यह फिल्म साल 2018 में आई फिल्म धड़क का रीमेक है। फिल्म को राहुल बडवेल्कर के साथ मिलकर शाजिया इकबाल ने लिखा है। फिल्म निर्माताओं ने बताया है कि धड़क 2 का ट्रेलर 11 जुलाई को रिलीज होगा। मेकर्स ने सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की नई फिल्म के पोस्टर का अनावरण भी किया है। पोस्टर पर लिखा हुआ है 'मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो तो लड़ना। इसके बाद लिखा है ट्रेलर इस शुक्रवार को आएगा। पोस्टर में फिल्म की रिलीज की तारीफ भी बताई गई है। यह फिल्म साल 2018 में आई ईशान खट्टर की फिल्म 'धड़क' की रीमेक है। जो साल 2016 में रिलीज हुई मराठी फिल्म सैराट की सीक्वल थी। इसका निर्देशन नागराज मंजुले ने किया था। बताया जाता है कि हाल ही में 16 कट के बाद धड़क 2 को यूए सर्टिफिकेट मिला है। फिल्म में गालियों को म्यूट किया गया है और सवर्ण शब्द के इस्तेमाल को हटा दिया गया है।




## 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' रिलीज के बाद से बनी हुई है चर्चाओं में

# राजनीतिक घटनाक्रमों पर आधारित हैं ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नागेश कुकुनूर की हालिया रिलीज वेब सीरीज 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' अपनी रिलीज के बाद से लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के हत्याकांड पर आधारित इस सीरीज को समीक्षकों द्वारा काफी सराहा जा रहा है। हालांकि, 'द हंट - द राजीव गांधी असेसिनेशन केस' से पहले भी राजीव गांधी हत्याकांड समेत कई राजनीतिक मुद्दों पर फिल्में व सीरीज बन चुकी हैं।*

**मद्रास कैफे** : शूजित सरकार द्वारा निर्देशित 'मद्रास कैफे' भी राजीव गांधी के हत्याकांड पर ही आधारित है। 2013 में आई इस फिल्म में जॉन अब्राहम और नरगिस फाकरी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म में 1980 के दशक के अंत और 1990 के दशक की शुरुआत में श्रीलंका के गृहयुद्ध में भारतीय हस्तक्षेप और भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के समय की कहानी को दिखाया गया है।

**इमरजेंसी** : कंगना रनौत द्वारा निर्देशित और उनकी मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'इमरजेंसी' 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाई गई इमरजेंसी पर आधारित है। फिल्म में इमरजेंसी से पहले और बाद के राजनीतिक घटनाक्रमों को दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई थी। फिल्म में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, सतीश कौशिक और मिलिंद सोमण प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं।








**केसरी 2** : इसी साल रिलीज हुई अक्षय कुमार, आर माधवन और अनन्या पांडे की फिल्म 'केसरी 2' जलियांवाला बाग कांड पर आधारित है। इस फिल्म में 13 अप्रैल 1919 को हुए जलियांवाला बाग गोली कांड को दिखाया गया है। जो देश के इतिहास का सबसे बड़ा नरसंहार है। फिल्म में शंकरन नायर की अंग्रेजों के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है।

**ग्रहण** : त्य व्यास की किताब चौरासी पर आधारित वेब सीरीज ग्रहण में भी 1994 में हुए सिख दंगों को दिखाया गया है। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस सीरीज में एक परिवार की कहानी को दिखाया गया है। जो 84 के दंगों में पीड़ित होते हैं और उसके बाद उनके परिवार पर क्या असर पड़ता है, ये सब इस सीरीज में देखने को मिलता है।

***जोगी*** *: दिलजीत दोसांझ की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'जोगी' इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए 1984 के सिख दंगों पर आधारित है। फिल्म की शुरुआत 31 अक्टूबर 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के साथ होती है। इसके बाद फिल्म में दिल्ली और देश के अलग-अलग हिस्सों में हुए दंगों की कहानी को दिखाया गया। फिल्म दिल्ली के त्रिलोकपुरी में रहने वाले सिखों पर इस दंगे से पड़ने वाले प्रभाव पर आधारित है। कैसे वो इन दंगों से बचते हैं। इस फिल्म को अली अब्बास जफर ने निर्देशित किया है। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।*

***31 अक्टूबर*** *: 2016 में आई फिल्म '31 अक्टूबर' भी इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद देश में हुई घटनाओं को दिखाती है। फिल्म में सोहा अली खान और वीर दास प्रमुख भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म का केंद्र सिख दंगों पर है। फिल्म में वीर दास ने एक सिख की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन शिवाजी लोटन पाटिल ने किया है।*

**खबर संक्षेप**

## सोलर पैनल का मिल रहा लाभ बिजली बिल से मिली मुक्ति

**अकलतरा।** जांजगीर जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से जिले के विभिन्न ब्लॉक के ग्रामो और नगरों में घरेलू उपभोक्ताओं के घरों में सोलर पैनल इंस्टॉल किया गया है जिसका सीधा लाभ अब ग्राहकों को मिल रहा है एवं महंगी बिजली बिल से राहत मिल रही है। इसी कड़ी में ग्राम तरौद,खटोला, अकलतरा नगर पहरिया, मुड़पार,सक्ति ,बाराद्वार सहित कई स्थानों में शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा सोलर पैनल इंस्टॉल किया गया जहां बिजली उपभोक्ताओं का बिलिंग माइनस में हो रहा है। ग्राम तरौद के उपभोक्ता अतुल सिंह ने बताया कि वर्तमान में उनकी बिजली की बिलिंग माइनस तेरह सौ हुआ है जिससे उन्हें और सभी प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना का लाभ ले रहे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है। राज्य सरकार द्वारा 30 प्रतिशत सब्सिडी की घोषणा होने के बाद विद्युत ग्राहक इस योजना का लाभ लेने के लिए ज्यादा उत्साहित हैं ।



## संभाग आयुक्त ने जैजैपुर तहसीलदार को किया निलंबित

**सक्ती।** संभाग आयुक्त बिलासपुर ने गुरुवार 10 जुलाई को काम के एवज में रिश्वत लेने के मामले में तहसीलदार जैजैपुर एन के सिन्हा को जिला सक्ती कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के प्रतिवेदन के आधार पर रिश्वत लेने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

**निधन/श्रद्धांजलि**


### श्रीमती सीता देवी सिंघानिय

**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती सीता देवी सिंघानिया का गुरुवार 10 जुलाई को बिलासपुर मे सुबह 11 बजकर 52 मिनट मे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अपरान्ह 3 बजे स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वें स्व. सतीश सिंघानिया, राजेश सिंघानिया, अजय सिंघानिया की माता एवं आनंद सिंघानिया, अमित सिंघानिया, सुमित सिंघानिया, सागर सिंघानिया, आर्यन सिंघानिया की दादी थीं।



### गजाधर प्रसाद दुबे

**जांजगीर।** नगर के प्रतिष्ठत नागरिक गजाधर प्रसाद दुबे का 68 साल की उम्र में गुरुवार 10 जुलाई को इलाज के दौरान रायपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार 11 जुलाई की सुबह नगर के स्थानीय मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है।



### भूखीराम आदित्य

**खरौद।** नगर पंचायत खरौद के वार्ड क्रमांक-6 निवासी भूखी राम आदित्य का 88 वर्ष की आयु में 2 जुलाई को निधन हो गया। उनके निधन पर खरौद नगर में संघ परिवार द्वारा 8 जुलाई को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें भावभिनी श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर राकेश दुबे ने कहा कि भूखी राम संघ गीत के रचनाकार और गायक थे। उन्होंने भूखी आदित्य के संघ के प्रति स्नेह और समर्पण के बारे में जानकारी दी। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द यादव ने नारद प्रसाद यादव एवं भूखी राम आदित्य के मूर्ति युक्त चौक निर्माण के लिए नगर पंचायत परिषद में प्रस्ताव करने की जानकारी दी। श्रद्धांजलि सभा में नगर पंचायत अध्यक्ष गोविन्द यादव, उत्तम कुमार सोनी, रामकुमार, तुलसी आदित्य, बसंत यादव, चंद्रवती सोनी, गेंदबाई आदित्य, गोपाल आदित्य, रामकुमार आदित्य, राजेश आदित्य, श्याम बैगा, रामेश्वर आदित्य, कपिल आदित्य, विजय यादव, रामसाय आदित्य, मोहर साय, धरम यादव, विजय भर्तृहरि विजय आदित्य, दिनेश आदित्य, सेत राम आदित्य, गंगाराम आदित्य, कमल आदित्य, तुलसी आदित्य, चिराग पाठक उपस्थित रहे।



तीन सत्रों में राज्यपाल पुरस्कृत वालेंटियर्स का सम्मान

# प्रत्येक स्काउट-गाइड को राज्यपाल पुरस्कार तक पहुंचाना कर्तव्य : यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

प्रत्येक स्काउट-गाइड रोवर व रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार तक पहुंचाना हम सबका कर्तव्य है। स्काउटिंग गतिविधियों से जुड़कर छात्र-छात्राओं का बहुमुखी विकास होता है लेकिन इसके साथ यह जरूरी है कि प्रत्येक वालेंटियर को इसमे रहने का प्रत्यक्ष लाभ भी मिले। जिले में स्काउटिंग गतिविधियों को व्यापक व बेहतर करने के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे।

ये बातें जिला मुख्य आयुक्त हितेश यादव ने जिले से पिछले तीन सत्रों में राज्यपाल पुरस्कृत स्वयं सेवकों का सम्मान करते हुए कही। उन्होंने तिरंगा यात्रा, प्याऊ सेवा, नेशनल कैम्प में सहभागिता व विविध गतिविधि में छात्र-छात्राओं की सहभागिता के लिए जिले के स्काउटर-गाइडर के प्रयासों को सराहा। कार्यक्रम का आयोजन शाउमावि मड़वा के प्रांगण में किया गया। अध्यक्षता सरपंच अजय सोनवानी ने की। प्रभारी प्राचार्य योगेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इससंस्था प्रांगण में जिले भर के राज्यपाल पुरस्कृत बच्चों को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने वालेंटियर्स के सेवाभाव को सराहा। संचालन जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने किया। डॉ धनमत महंत डीटीसी गाइड, पुरस्कार वितरण प्रभारी डॉ सुरेंद्र कुमार सोनी राज्य मुख्यालय के निर्देश पर 9 अप्रैल से 9 मई तक 1 माह प्याऊ सेवा प्रदेश भर के स्काउट गाइड ने दी थी। जिले में बाजार चौक मड़वा में शाउमावि मड़वा के वालेटियर्स, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर में शाउमावि सिवनी चांपा, शाकपूमावि खोखरा, शाकपूमावि जांजगीर व शाउमावि मड़वा एवं नेशनल हाइवे अमरताल में शापूमाशा अमरताल के वालेंटियर्स ने एडवांस गाइड कैप्टन अरूणा व्यास मिरी, डीटीसी स्काउट पूरनलाल पटेल, डीओसी गाइड कु. श्वेता जायसवाल के प्रभार में जल सेवा की। ऐसे 70 वालेंटियर्स का सम्मान किया गया। डॉ सुरेंद्र कुमार सोनी डीओसी स्काउट प्रधान पाठक शापूमाशा अंगारखार, पंजीयन प्रभारी पूरन लाल पटेल डीटीसी स्काउट शिक्षक शा कन्या उमावि खोखरा, कु श्वेता जायसवाल डीओसी गाइड सहायक शिक्षक विज्ञान शा उमा वि मड़वा, मंचीय व्यवस्था संजय यादव ट्रेनिंग काउंसलर व्यायाम शिक्षक शा उमावि अमोरा, सुखसागर निराला-रोवर लीडर सशिविशा उमावि मड़वा, नेपाल सिंह कंवर स्काउट मास्टर शिक्षक शाउमावि पंतोरा, परमेश्वर सिंह टेकाम स्काउट मास्टर शा हाई स्कूल रसोटा (ब) सहित शाउमावि मड़वा, सिवनी (चांपा), खोखरा के सर्विस रोवर व रेंजर ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम में गोलू दुबे, विप्लव संस्था से अरमान शर्मा, व्याख्याता होमेश्वर प्रसाद साहू, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, रमेशचंद्र देवांगन, जी.एस. साहू, रमेश तिवारी, श्रीमती कविता साहू, कु. अनिता टाण्डे, आशुतोष शर्मा, यू.एल. खुंटे, टी. आर. साहू, पी.के. साहू, तेज सिंह कंवर उपस्थित रहे।



राज्यपाल पुरस्कृत बच्चों को सम्मानित करते जिला मुख्य आयुक्त एवं अतिथिगण।

### तीन सत्रों में 32 को मिला राज्यपाल पुरस्कार

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छग के राज्य अध्यक्ष बृजमोहन अग्रवाल (सांसद, रायपुर) के मार्गदर्शन में, राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर के राज्यपाल पुरस्कृत बच्चों का सम्मान हाल ही में रायपुर में किया गया था। जिला सचिव दीपक कुमार यादव के नेतृत्व में साहिल यादव व कु. पल्लवी जोशी ने यह सम्मान ग्रहण किया था। तीन सत्रों में 32 बच्चे राज्यपाल पुरस्कार जिले से प्राप्त कर चुके है। भगत सिंह दल शा कन्या उमावि खोखरा के अरूण कुमार बरेठ, साहिल कुमार यादव, चेतन देवांगन, सुभाषदल शासकीय महामाया उमावि पामगढ़ के समीर कुमार, दीपक मधुकर, शासकीय उमावि अमोरा के प्रिंस निर्मलकर, प्रशांत साहू, नवीन यादव, कु. संध्या पोर्ते, कु. पल्लवी कश्यप, कु. ज्योति निर्मलकर, रानी दुर्गावती रेंजर दल शाउमावि कोसला पामगढ़ की कु. मेघा पटेल राज्यपाल प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

# कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों को मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा


बैठक में पहुंचे कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष का स्वागत करते अधिकारी।

कृषि स्थायी समिति की बैठक कार्यालयीन सभाकक्ष उप संचालक कृषि जांजगीर में आयोजित कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष राजकुमार साहू की अध्यक्षता में हुई। श्री साहू ने कहा कि गांव में कृषि विस्तार अधिकारियों को नियमित रूप से बैठना चाहिए ताकि शासन द्वारा संचालित विभिन्न कृषि संबंधित योजनाओं का किसानों को सीधा लाभ मिल सके।

**खास बात**

- कार्यालयीन सभाकक्ष में हुई कृषि स्थायी समिति की बैठक

बैठक में सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना माखीजा, उद्यानिकी विभाग द्वारा बताया कि ग्राफ्टेड बैंगन हेतु योजना निरंतर चलाई जा रही है। इस योजना हेतु 500 हे. का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। अभी तक 500 हे. के लिये तैयारी किया जा रहा है। 213 कृषकों का आवेदन प्राप्त हुआ है। 210 का आवेदन स्वीकृत है। 30 हजार रूपए एकड के अनुदान का प्रावधान है। 400 लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं। 246 एकड़ लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में पांचों विकासखंड में पांच नर्सरी संचालित है। नर्सरी से नये पौधे तैयार करना अधिक से अधिक ग्राफ्टिंग के माध्यम से पौधे तैयार किये जाते हैं। कृषि विभाग से ललित मोहन भगत उप संचालक कृषि द्वारा खरीफ 2025 के लक्ष्य के बारे में जानकारी दिया गया। उन्होंने कहा कि पूर्व वर्षों से अधिक इस बार बोनी हुई है, जो कि फसल की बुवाई के लिये उत्तम है। अभी तक खरीफ फसलों की 32 प्रतिशत बुवाई हो चुकी है। खाद का लक्ष्य 63450 मैट्रिक टन है। खाद का भंडारण 22021 मैट्रिक टन जो की लक्ष्य का भडारण का प्रतिशत 59 प्रतिशत हो चुका है। वितरण में 20406 मैट्रिक टन भडारण में से वितरण का प्रतिशत 67 प्रतिशत किया जा चुका है। डीएपी के स्थान पर एनपीके, एसएसपी एवं युरिया के माध्यम से पूर्ति की जावेगी। क्योंकि डीएपी की कमी है। अभी तक कहीं भी खाद की कमी नहीं हुई है। खाद का नमूना समय-समय पर लिया जाता है। बीज का वितरण 93 प्रतिशत तक कर लिया गया है। बीज निगम में पर्याप्त मात्रा में बीज उपलब्ध है। किसानों का किसान पंजीयन कराया जा रहा है, जो कि भुईया से लिंक है। जिससे किसानों को लाभ पहुंचाया जा सके। इससे ही धान खरीदी योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंचाना है। सभी विकासखंडों को निर्देशित किया गया कि विखं स्तर पर कृषि स्थायी समिति से अनुमोदन पश्चात ही आदान सामग्री वितरण किया जाये। बैठक में कृषि समिति के जिला पंचायत सदस्य सदस्य श्रीमती प्रीति अजय दिब्य, महादेव नेताम एवं श्रीमती संतोषी मनोज सिंह रात्रे उपस्थित थे।

## थाना परिसर में लगाए पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प



**मुलमुला।** ग्राम मुलमुला के थाना परिसर में मंगलवार 8 जुलाई को फलदार पौधे जैसे आम जामुन अमरूद कदंब का रोपण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से थाना प्रभारी व समस्त स्टाफ सहित वरिष्ठ नागरिक जवाहर सिंह सोनसरी, ग्राम के जनप्रतिनिधि मुलमुला सरपंच अमितेंद्र सिंह , शशि प्रकाश सिंह, गजानंद कश्यप ,रमाकांत सिंह, बसंत साहू, सिक्कू टंडन, प्रकाश गोस्वामी, संतोष साहू , पुरंदर बर्मन, ऋषभ धृतरा लहरें पूरान यादव सभी ने पौधरोपण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए पौधरोपण जरुरी है। वृक्ष केवल छाया नहीं देते, बल्कि शुद्ध वायु, जल संरक्षण और जैव विविधता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है। सभी ने संकल्प लिया कि लगाए गए पौधों की देखरेख नियमित रूप से की जाएगी।

# स्थापना दिवस पर पेंशनरों व ग्राहकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा


स्थापना दिवस पर केक काटकर खुशियां मनाते बैंक के अधिकारीगण व पेंशनर।

भारतीय स्टेट बैंक के 70 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक की स्टेशन रोड स्थित शाखा में पेंशनर व ग्राहकों का सम्मान किया गया। इस मौके पर रक्त दान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 61 यूनिट रक्तदान किया गया।

- **स्वेच्छा से ग्राहकों ने किया 61 यूनिट किया रक्तदान**

वर्ष 1935 में 1 जुलाई को इम्पीरियल बैंक को मर्ज कर भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना की गयी थी। तब से लेकर आज तक 1 जुलाई को बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। बैंक की स्टेशन रोड स्थित शाखा में भी 1 जुलाई को बैंक का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पेंशनर एवं प्रमुख ग्राहकों का सम्मान किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर भी आयोजित किया गया जिसमें 61 यूनिट रक्तदान स्वेच्छा से विभिन्न ग्राहकों द्वारा किया गया। इस दौरान केक काटकर बैंक के स्थापना दिवस की खुशियां मनायी गयी। इस मौके पर आयोजन के संबंध में संक्षिप्त परिचय दिया गया। पेंशनर्स की तरफ से डॉ. जी. पी. दुबे ने बैंक की उत्तरोत्तर उन्नति की कामना करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। पूर्व में सभी पेंशनर एवं ग्राहकों का बैंक परिवार की ओर से स्वागत किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन शाखा प्रबंधक सियाराम सिंह ने किया। इस मौके पर सम्मानित होने वाले पेंशनर में हेमंत सोनी, परमेश्वर स्वर्णकार, डॉ. जी. पी. दुबे, डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, रत्ना सिंह एवं राजेश कुमार सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में बैंक परिवार की ओर से शाखा प्रबंधक सियाराम सिंह, शिखा अग्रवाल, रामेश्वर गौतम, विकास कश्यप, अनूपा कुमारी, प्रियंका प्रियदर्शिनी, हेमसेम, रमनदीप सिंह आनंद आदि मौजूद थे।

## आठवीं के बच्चों को अब तक नहीं मिली पुस्तक

**मालखरौदा।** ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमन दूला में शिक्षा सत्र का 3 सप्ताह बीत चुका है बावजूद अभी तक आठवीं क्लास के बच्चों को स्कूली पुस्तक नहीं मिल पाया है जिसके कारण बच्चे परेशान हैं शिक्षक पढ़ा तो रहे हैं पर बच्चे किस प्रकार से घर में जाकर बिना पुस्तक का अध्ययन करें वह समझ नहीं पा रहे हैं। इसके अलावा अभी तक बच्चों को ड्रेस का वितरण भी नहीं हो पाया है जिसकी वजह से सभी बच्चे पुराने ड्रेस पहन कर ही स्कूल पहुंच रहे हैं। वही इस बारे में संकुल समन्वयक विजय पटेल अमंनदुला का कहना है पुस्तक के लिए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया है जबकि ड्रेस कुछ दिनों में आने की बात कही जा रही है



## ग्रामीणों को दी गई जल संरक्षण मनरेगा एप की जानकारी

**जांजगीर-चांपा।** जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें महात्मा गांधी नरेगा (मनरेगा) के जॉब कार्डधारी परिवारों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को जनमनरेगा मोबाइल एप, जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य, एक पेड़ मां के नाम अभियान, तथा मोर गांव - मोर पानी जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

## जिले को 55 हेक्टेयर भूमि में रोपण के लिए प्राप्त हुआ लक्ष्य

# आम की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति होगी सुदृढ़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

फलों के राजा आम की खेती से किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। जिले को 55 हेक्टेयर भूमि में आम रोपण हेतु लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके लिए जिला उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान में राज्य पोषित योजना के तहत 15 हज़ार पौधा तैयार किया गया है। योजना के तहत कलमी आम जैसे-दशहरी, चौसा, लंगड़ा, आम्रपाली एवं अन्य प्रजाति के पौधों को किसानों को निःशुल्क प्रदान किया जायेगा। देशी किस्म की तुलना में आम के इन किस्मों को रोपण के तीन से पांच साल के भीतर फल आना प्रारंभ हो जाता है, इन किस्मों को लगाने से किसानों की आर्थिक स्थिति समृद्धि होगी।



वर्तमान समय में प्राकृतिक रूप से विकसित अमरइयां गांव में धीरे-धीरे कम होने लगे हैं, कारण यह है कि यहां पूराने पौधे नष्ट हो चुके हैं, इन नष्ट पौधों की जगह फिर से नये पौधे लगाने की कवायद नहीं किया जाता है। जिले के तमाम अमराइयों में ज्यादातर छोटे-छोटे फल वाले बड़े झाड़ के बीजू आम पौधे पाए जाते हैं इस कारण से भी किसानों का ध्यान इसकी संरक्षण की ओर नहीं जाता। किसानों को आम की व्यवसायिक खेती से जोड़ने और अमराइयां विकसित करने के लिए राज्य पोषित योजना से शासन ने राशि स्वीकृत की है। प्रारंभिक तौर पर जिले के शासकीय रोपणी डोड़की (सक्ती), कचंदा (जैजैपुर), भूतहा (मालखरौदा) व चुरतेली (डभरा) से किसानों को आम पौध प्रदाय किया जायेगा। पौधा पाने के लिए उन्हें समूह बनाकर या व्यक्तिगत आवेदन करना होगा। न्यूनतम 1 हेक्टेयर एवं अधिकतम 2 हेक्टेयर में रोपाई के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक हेक्टेयर भूमि के एवज में 100 पौधे प्रदान किए जाएंगे। किसानों को इसके लिए अपनी जमीन का दस्तावेज देना होगा। जुलाई माह में इन पौधों के किसानों को प्रदाय किया जायेगा। खास बात यह है कि पौधों में तीन साल के बाद फल आना शुरू हो जाएगा, पांच साल के भीतर पूर्ण रूप से विकसित होने के बाद प्रत्येक पेड़ में अधिकतम 200 किलोग्राम फल तैयार होगा व पौध की उम्र बढ़ने के साथ-साथ फल की पैदावार में वृद्धि होगी। स्थानीय बाजार में इन फलों की खास मांग है। फसल तैयार होने पर किसानों में आर्थिक समृद्धि आएगी। यहां बताना होगा कि आम की खेती के साथ किसान अंतर्वर्तीय खेती भी कर सकेंगे। आम के दो पेड़ के बीच में खाली जगह में अदरक व हल्दी के अलावा सब्जियों की खेती कर सकेंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

क्रमांक/823/स्टेनो/अ.वि.अ./2025 ग्राम-पामगढ़, प.ह.नं.-16, तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कुलदीप साहू पिता चंद्रिका प्रसाद साहू जाति तेली साकिन पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा ग्राम पामगढ़ तहसील पामगढ़ में स्थित अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं.-835/44 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन कराने बाबत आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भूमि के आवासीय प्रयोजन पुनः निर्धारण/व्यपवर्तन किये जाने में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह लिखित रूप से दिनांक 18/07/2025 के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 03/07/2025 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी अधिकारी (रा.) पामगढ़**



## खबर संक्षेप

### श्रीलंका में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कराते खिलाड़ियों का विधायक ने किया उत्साहवर्धन



**अकलतरा।** श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में 3 से 6 जुलाई तक आयोजित साउथ एशियन कराते चैंपियनशिप में अकलतरा विधानसभा के दो छात्रों मयंक और ईशान ने देश का प्रतिनिधित्व करते प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में भारत, पाकिस्तान, भूटान, बांग्लादेश,श्रीलंका अफगानिस्तान, नेपाल के खिलाड़ी भाग लिए। देश वापसी के बाद खिलाड़ियों ने विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह से मुलाक़ात किया एवं आशिर्वाद लिया। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने खिलाड़ियों से बातचित कर खिलाड़यों को आशिर्वाद के साथ उत्साहवर्दन किया और आगामी खेल के लिया खिलाड़यों को अच्छा से तैयारी के लिए खिलाड़यों को कराटे अभ्यास के लिए कराटे मैट और खेल सामग्री देने की बात कही। कराते संघ के उपाध्यक्ष अधिवक्ता जितेंद्र सिंह, राज्य प्रमुख खेत्रो महानंद,स्कूल के डाइरेक्ट डॉ गिरिराज गढ़ेवाल प्रिंसिपल डॉ. संजय कुमार सारंगी, वाइस प्रिंसिपल चुड़ामड़ी डनसेना, कैंपस प्रिंसिपल रंजन कुमार साहू, स्पोर्ट्स टीचर चंद राम बरेठ, कराते टीचर विशाल पाटले और अमितेश राठौर के द्वारा दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।

### कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन की वार्षिक आमसभा 27 को

**जांजगीर-चांपा।** कोल इंडिया पेंशनर्स एसोसियेशन बिलासपुर एसईसीएल क्षेत्र की वार्षिक आम सभा रविवार 27 जुलाई को रविन्द्र भवन बसंत बिहार एसईसीएल बिलासपुर में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। कोल इंडिया बिलासपुर सीआईपीए पेंशनर्स एसोसियेशन के सचिव निरंजन कुमार जैन ने बताया कि आमसभा के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2024-2025 का आय व्यय का ब्यौरा, वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए खर्च की स्वीकृत, वर्तमान प्रबंध कारिणी समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर नया प्रबंध कारिणी समिति का चयन, गठन नियमावली संविधान में, आंशिक संशोधन, अनेक विषय जैसे पेंशन वृद्धि के मामले में अगला स्टेप क्या उठाना है इसके बारे में भी चर्चा, मेडिकल स्कीम के बारे में चर्चा उनके बिल भुगतान में कि जा रही देरी के बारे में, स्मार्ट कार्ड, 20 बीस लाख रुपये, ग्रेजुती भुगतान आदि अनेक विषय सभा में चर्चा किये जायेंगे । प्रबंध कारिणी समिति के चयन गठन मतदान एवं पद प्रत्याक्षी कि पात्रता एसोसियेशन (सीआईपीए ) के आजीवन, स्थायी सदस्यता के रसीद के आधार पर ही होगा। प्रबंध कारिणी समिति में कोल इंडिया पेशनर्स एसोसियेशन बिलासपुर रजि. नं. 11666 के नियमावली संविधान में वर्णित पदों पर ही निर्वाचन होगा। आम सभा में नागपुर फेडरेशन के पदाधिकारीगण मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने आम सभा में सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

### हज यात्रा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ

**अकलतरा।** हज यात्रा 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमैन मोहम्मद इमरान ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि, हज कमेटी ऑफ़ इंडिया, मुंबई द्वारा हज 2026 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन की प्रक्रिया 7 जुलाई से शुरू की जा चुकी है। ऑनलाइन हज आवेदन हज कमेटी ऑफ़ इंडिया की वेब साइट www. hajcommittee. gov.in पर उपलब्ध है। आवेदकगण हज सुविधा एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकते है। हज यात्रा के लिए आवेदकों के पास 31 दिसंबर 2026 तक की वैधता युक्त पासपोर्ट होना वांछनीय है। ऑनलाइन हज फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव 13 को

**पामगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल पामगढ़ का गुरु पूर्णिमा उत्सव 13 जुलाई को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विद्या निकेतन स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग सदभाव प्रमुख योगेश शर्मा होंगे । मण्डल कार्यवाह राजन थवाईत ने निर्धारित समय पर सभी नये पुराने स्वयंसेवको की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने कहा है।

### कुरियारी में माहभर चलेगा श्रावणी रामायण यज्ञ व अनुष्ठान

**गोधना।** श्रावण मास के अवसर पर ग्राम कुरियारी, भाठापारा मोहल्ला में श्रावणी रामायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक कार्यक्रम 10 जुलाई को आरंभ हुआ, जो 10 अगस्त तक चलेगा। माहभर चलने वाले यज्ञ का उद्देश्य ग्राम वासियों में धार्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देना है। प्रतिदिन रात 9 से 11 बजे तक श्रवणीय रामायण पाठ की सुंदर प्रस्तुति होगी। इससे पूर्व शाम 7 से 8 बजे तक न्यू जागृति कीर्तन मंडली का विशेष कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक दिन अलग-अलग मानस मंडलियों द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा। गांव में आयोजित इस रामायण पाठ को लेकर ग्रामीणें द्वारा भव्य तैयारी की गई है।

### रिंगनी-कुकदा, शिवरीनारायण-गिधौरी पुल एवं शिवरीनारायण बैराज पहुंचे कलेक्टर

# बाढ़ क्षेत्रों का अफसरों ने किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए कलेक्टर ने रिंगनी-कुकदा, शिवरीनारायण-गिधौरी पुल एवं शिवरीनारायण बैराज का अवलोकन किया। उन्होंने सभी विभागों एवं राहत टीमों को क्विक रिस्पांस और अलर्ट मोड में रह कर कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने नागरिकों से बाढ़ की स्थिति में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम सूचना देने अपील की।

जिले में लगातार हो रही बारिश और महानदी के बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले के बाढ़ संवेदनशील इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया। उन्होंने राहत और बचाव कार्यों की तैयारियों का जायजा लेते हुए सभी विभागों और राहत टीमों को अलर्ट मोड में रहने और तत्काल प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ राहत कार्य के लिए गठित टीमों को स्पष्ट रूप से कहा कि जैसे ही कहीं से भी सूचना मिले, वे बिना देर किए मौके पर पहुंचकर तत्काल राहत पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि अधिक वर्षा की स्थिति में जलभराव और बाढ़ के हालात पर कड़ी निगरानी रखी जाए और प्रभावित जगहों से पानी की





बैराज व महानदी का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते कलेक्टर।

त्वरित निकासी के इंतजाम किए जाएं। इसके साथ ही नागरिकों से अपील की है कि बाढ़ की स्थिति में टोल फ्री नंबर 07817-222032 पर सूचना दे सकते है । कलेक्टर ने सलखन-खरौद मार्ग पर रिंगनी-कुकदा पुल की स्थिति का जायजा लेते हुए निर्माणाधीन नवीन ब्रिज को शीघ्र पूर्ण करने के लिए ईई पीएमजीएसवाई को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान यातायात बाधित न हो, इसके लिए विभाग युद्धस्तर पर कार्य सुनिश्चित करे। शिवरीनारायण-गिधौरी पुल के निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईई जलसंसाधन और तहसीलदार से महानदी के वर्तमान और संभावित जलस्तर की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर अलर्ट सिस्टम, नाव और राहत शिविरों की सूची पहले से तैयार रहे। ईई जलसंसाधन को विभागों के साथ समन्वय कर एक्शन प्लान प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। शिवरीनारायण बैराज के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैराज के गेट ऑपरेशन, जलभराव और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। ईई जल संसाधन को बैराज की सुरक्षा बढ़ाने और निगरानी टीम बढ़ाने को कहा। उन्होंने गार्डन की सफाई और बैराज के आसपास वृक्षारोपण के लिए भूमि चिन्हांकन के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ संवेदनशील स्थानों की मार्किंग कर वहां राहत सामग्री, नाव, मेडिकल किट और बचाव दल तैनात रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता शशांक सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## स्कूल परिसर में लगा ट्रांसफार्मर दे रहा हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरियारी के छात्र-छात्राएं इन दिनों खतरे के साए में पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल परिसर में लगा हाईटेंशन ट्रांसफार्मर बच्चों की जान के लिए खतरा बना हुआ है।

प्राचार्य बीपी कश्यप ने वर्ष 2023 में ही इसे हटाने के लिए बिजली विभाग को आवेदन दिया था, लेकिन आज तक न तो ट्रांसफार्मर हटा और न ही विभाग ने सुध ली। स्कूल कार्यालय से मात्र 20 मीटर की दूरी पर यह ट्रांसफार्मर लगा है। खेल मैदान भी इसी ओर स्थित है, जहां छात्र-छात्राएं प्रतिदिन खेलते हैं। बरसात के दिनों में जब जमीन गीली रहती है, तब हाईटेंशन तार और ट्रांसफार्मर जानलेवा साबित हो सकते हैं। प्राचार्य बीपी कश्यप ने बताया कि कई बार मौखिक और लिखित रूप से ट्रांसफार्मर को हटाने का आग्रह किया गया, लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। स्कूल में फिलहाल 82 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं और हर दिन वे इसी क्षेत्र से होकर गुजरते हैं।

**ग्रामीणों ने दी चेतावनी**-छात्रों के अभिभावकों और ग्रामीणों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जल्दी ही ट्रांसफार्मर नहीं हटाया गया तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। बताया जाता है कि ट्रांसफार्मर बेहद जर्जर हालत में है और स्कूल परिसर के भीतर खुले में स्थापित है। तारों की ऊंचाई भी कम है, जिससे बच्चों के संपर्क में आने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने जिम्मेदार अफसरों से मांग की है कि जल्द से जल्द स्कूल परिसर से ट्रांसफार्मर को तुरंत हटाकर सुरक्षित स्थान पर स्थापित किया जाए।



## संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा टीकाकरण शत- प्रतिशत किए जाने दिए निर्देश

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग जिला सक्ती की समीक्षा बैठक आयोजन किया गया। जिसमें सी.ई.ओ. जिला पंचायत, ओ. आई.सी स्वास्थ्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डी.पी.एम. समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारी, ची.पीएम. एवं बीईटीओ उपस्थित थे, जिसमें मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, अनिमिया मुक्त भारत, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एन.सी.डी., सिकल सेल, आयुष्मान भारत तथा पीसीपीएनडीटी के सुचकांको की समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर द्वारा संस्थागत प्रसव बढाने तथा टीकाकरण शतःप्रतिशत किये जाने हेतु निर्देश दिये गये है। गर्भवती महिलाओं, 6-69 माह के बच्चों को सिरप, 5-9 वर्ष के बच्चो तथा 10-19 वर्ष के बच्चों को आई.एफ.ए. टेबलेट वितरण किये जाने तथा टी.बी. की जांच एवं सिकल सेल जांच को बढाने के निर्देश देते हुए जिले के स्वास्थ्य अमले को सुदृण करने के निर्देश दिये गये।

■ स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

### विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में अंजनी ने बनाई जगह

**हसौद।** एम.ए. राजनीति विज्ञान चौथे सेमेस्टर की छात्रा अंजनी कुमारी लहरें ने 1174 अंक प्राप्त कर शहिद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में मेरिट सूची पर 9 वे स्थान पाई है। रामबाई कन्हैयालाल साहू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय हसौद से एम.ए. राजनीति विज्ञान फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा अंजनी कुमारी लहरें ने शहिद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ में मेरिट सूची पर 9 वें स्थान पाई। उन्होंने 1600 पूर्णांक में से 1174 अंक प्राप्त कर विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में 9वें। स्थान हासिल की है। उनकी इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापक गण तथा उनकी माता-पिता ने हर्ष व्यक्त किया है।



## गुरु चरण में मिलती हैं ज्ञान, शांति और योग शक्ति : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

विकासखंड बम्हनीडीह संकुल सेमरिया के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सेमरिया में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विद्यालय में गुरु पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ विद्यालय प्रांगण में लगाए गए अमरूद, आम,कटहल,नींबू, बादाम के पौधे

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती विजयलक्ष्मी कश्यप थी। मुख्य अतिथि श्रीमती विजय लक्ष्मी कश्यप, प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा को गुरु पूजा का विधान है। गुरू पूर्णिमा वर्षा ऋतु के आरंभ में आती है। इस दिन से चार महीने तक परिव्राजक साधु-संत एक ही स्थान पर रहकर ज्ञान की गंगा बहाते हैं। ये चार महीने मौसम की दृष्टि से सर्वश्रेष्ठ होते हैं। न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी। इसलिए अध्ययन के लिए उपयुक्त माने गए हैं। जैसे सूर्य के ताप से तप्त भूमि को वर्षा से शीतलता एवं फसल पैदा करने की शक्ति मिलती है,ऐसे ही गुरुचरण में उपस्थित साधकों को ज्ञान, शांति,भक्ति और योग शक्ति प्राप्त करने की शक्ति मिलती है। शिक्षक पितांबर प्रसाद कश्यप ने कहा कि यह दिन महाभारत के रचयिता कृष्ण द्वैपायन व्यास का जन्मदिवस भी है। व्यास जी ने ही चारों वेदों की भी रचना की थी। इस कारण उनका एक नाम वेद व्यास भी है। उन्हें आदिगुरु कहा जाता है और उनके सम्मान में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा नाम से भी जाना जाता है। कार्यक्रम को टीकाराम गोपालन व कैलाश खूंटे ने भी संबोधित किया। गुरु पूर्णिमा पर विद्यालय में अमरूद, आम, कटहल,नींबू आदि पौधे रोपित किए गए। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक उमेश कुमार दुबे, पीतांबर प्रसाद, कश्यप ,टीकाराम गोपालन, कैलाश खूंटे, अशोक जांगड़े उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पीतांबर प्रसाद कश्यप ने किया।




कार्यक्रम में पहुंची मुख्य अतिथि का स्वागत करता स्कूल स्टाफ।

## कलार समाज द्वारा आयोजित परीक्षा का परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रगतिशील जायसवाल (कन्नौ. कलार) समाज के तत्वावधान में युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान परीक्षा 2025 के परीक्षा परिणाम 9 जुलाई को जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू के आतिथ्य में चाम्पा में जारी किया गया।

ज्ञात हो कि समाज के द्वारा सामाजिक बच्चों के लिए सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई थी जो 3 वर्ग में 7 वर्ष से 14 वर्ष ,14 वर्ष से 19 वर्ष एवं 19 वर्ष से 30 वर्ष के बच्चों को शामिल किया गया था जिसमे सामाजिक क्षेत्र में 7 सेंटर चाम्पा, अकलतरा बिलासपुर, बरपाली, कोरबा, दीपका में परीक्षा केन्द्र बनाया गया था। परीक्षा में सामाजिक जन एवं छात्रों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। उक्त परीक्षा में सामाजिक, समसामयिक हिंदी विज्ञान सहित अन्य विषयों के प्रश्न पूछे गए थे, जिसका सफलता पूर्वक आयोजन पश्चात परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विधायक बालेश्वर साहू ने परीक्षा में भाग लिए बच्चों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन से बच्चों को आगे प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने में सुविधा होती है तथा बच्चों को इस प्रकार आयोजन से समाज मे मंच मिलती है। प्रभारी सचिव महेन्द्र महतो ने छात्रों को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र जायसवाल, प्रभारी सचिव महेंद्र महतो, पूर्व कोषाध्यक्ष बालगोविंद जायसवाल, स्थायी समिति सदस्य बाबूलाल जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल आदि सामाजिक जन उपस्थित रहे।



परीक्षा परिणाम जारी करते विधायक बालेश्वर साहू एवं समाज के लोग।

## प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु की महिमा अतुलनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में गुरु की महिमा अतुलनीय होती है क्योंकि वे ही अपने शिष्य के जीवन के हर मोड़ पर,प्रगति के राह में मार्गदर्शन करने वाला होता है।

उक्त बातें गुरु पूर्णिमा उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक अशोक तिवारी ने मुख्य वक्ता की आसंदी से कही। लोक शिक्षण रायपुर के आदेशानुसार बालक प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में आयोजित गुरु पुर्णिमा में आगे श्री तिवारी ने कहा कि प्रथम गुरु सबके माता पिता होते है उसके बाद शिक्षा दीक्षा देने वाले होते है जो अपने शिष्यों के प्रत्येक कठिनाइयों का यथोचित समाधान निरंतर करने को तत्पर रहते है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति को जहां से या जिस किसी से भी कोई अच्छी बात सीखने को मिले उसे गुरु मान लेना चाहिए। इस संबंध में उन्होंने दत्तात्रेय के चौबीस गुरुओं के बारे में बताया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक के बच्चों ने अपने सभी शिक्षकों का पुष्प और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किए। इसके बाद एक गुरु वंदना सामूहिक रूप से गायन किया गया। शिक्षिका गायत्री देवांगन ने इस अवसर पर सभी बच्चों को अच्छे से पढ़ने की शिक्षा दिए। शिक्षक राजू देवांगन ने कहा कि जीवन में गुरु का होना जरूरी है कामयाबी पाने ,विचारों में सात्विकता लाने और तरक्की पाने के लिए। बच्चों को यशवंत देवांगन, नरेश देवांगन, घनश्याम शुक्ला ने भी गुरु की महिमा को रेखांकित करते हुए हमेशा उनकी बातों को मानने को कहा। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन आठवीं के बच्चों ने किया और आभार बच्चों ने ही व्यक्त किया। अंत में सभी बच्चों को गुरु प्रसाद का वितरण किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह, गीता श्रीवास का सहयोग सराहनीय रहा। इस आयोजन में दोनों स्कूलों के बच्चे, मध्यान भोजन समूह के सभी सदस्य उपस्थित थे।



शिक्षकों को पुष्प और श्रीफल से सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त करते बच्चे।

## पीएम आवास हितग्राही घर के सामने लगा रहे एक पेड़ मां के नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ ब्लॉक में वृहद पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई है। यहां प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही अपने घर के सामने एक पेड़ मां के नाम लगा रहे है।

गौरतलब है कि शासन द्वारा पौधरोपण को अभियान की तरह चलाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री द्वारा की गई है। इसी कड़ी में जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे और सीईओ जिला पंचायत गोकुल रावटे के दिशा निर्देशन में नवागढ़ जनपद पंचायत में पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जनपद अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास बनवाने वाले हितग्राही अपने घर के सामने पौधे लगा रहे है। गुरुवार 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत सुकली में प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों द्वारा अपने नए मकान के सामने पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू विशेष रुप से उपस्थित थे। उन्होंने सभी हितग्राहियों और उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने लगाए गए पौधों की देखभाल करने के लिए भी सभी को सजग रहने की बात कही। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि ब्लॉक के विभिन्न पंचायतों में इस अभियान की शुरुआत करते हुए पीएम आवास के हितग्राही पौधरोपण कर रहे है।

■ नवागढ़ ब्लॉक में शुरु हुआ वृहद पौधरोपण अभियान



ग्राम सुकली में घरों के सामने पौधे लगाते अधिकारी एवं प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही।

